उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 417 **संवाद–139** दिनांक /Date.: 30/7/2021

विषयः– **दिनांक 08 अगस्त, 2021 को आयोजित सहायक अध्यापक(एल0टी0) भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किये जाने के संबंध में**

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप सभी अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 08 अगस्त, 2021 को सहायक अध्यापक(एल0टी0) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश के समस्त 13 जनपदों में दो पालियों (प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य) एवं (द्वितीय पाली अपरान्ह् 02:00 बजे से सांय 04:00 बजे के मध्य) के मध्य किया जा रहा है।

उक्त लिखित परीक्षा हेतु आयोग द्वारा 51157 अभ्यर्थियों के प्रवेश पर जारी किये गये हैं। अभ्यर्थी आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि कुछ विषयों की परीक्षा प्रथम पाली में तथा अन्य विषयों की परीक्षा द्वितीय पाली में आयोजित की जा रही है, किंतु एक अभ्यर्थी केवल एक ही विषय में परीक्षा दे सकता है। अतः अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र में अपनी पाली व समय को देखकर ही परीक्षा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

वर्तमान में वर्षा ऋतु के दृष्टिगत परिवहन संबंधी कठिनाइयां राज्य के कुछ क्षेत्रों में हो सकती हैं, अतः परीक्षा में भाग लेने के लिए अपनी यात्रा समयान्तर्गत व नियोजित कर लें। अपना परीक्षा केन्द्र भी एक दिन पूर्व देख लें।

परीक्षा की शुचिता अत्यधिक महत्वपूर्ण है अतः कोई भी ऐसी सामग्री अपने साथ न लायें जो प्रतिबंधित की गयी है। इस विषय पर परीक्षा की शुचिता व प्रतिबंधित सामग्री के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश आयोग वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर उपलब्ध हैं, कृपया उन्हें भी देख लें। परीक्षा में शुचिता बाधित होने पर या कोई अन्य अनुचित व्यवहार होने पर अभ्यर्थन तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

किसी भी जानकारी / प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में आ रही कठिनाई के संबंध में आयोग के **टॉल फ्री नं0–9520991172 या व्हाट्सएप्प नं0–9520991174 या आयोग की E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

।। परीक्षा हेतु शुभकामनाओं के साथ।।

आयोग की ओर से,

30/7/21

(संतोष बडोनी)
सचिव।